卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त


हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 279 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦16 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



अल्मोड़ा ज्वैलर्स
हरेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहां 24 कैरेट सोने व चाँदी के आकर्षक आभूषण ऑर्डर पर तैयार किये जाते हैं।

पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।
राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि
हमारे यहां सभी प्रकार के हॉलमार्क ज्वैलरी उपलब्ध हैं। मो. 9012749183
ओडिसी प्रिंटर्स के सामने, भल्ला मेडिकल गली, मेन मार्केट, रुद्रपुर



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## हरेला प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का पर्व: धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरेला पर्व का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने अपने आवास परिसर में पत्नी के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने आम की पूषा श्रेष्ठ प्रजाति का पौधा लगाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेला प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का पर्व है। हरेला पर्व के उपलक्ष्य में प्रदेश में सामाजिक संगठनों, संस्थाओं एवं विभागों के माध्यम से व्यापक स्तर से पौधरोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने



कहा जल संरक्षण एवं जल धाराओं के पुनर्जीवन की दिशा में राज्य में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सभी को आगे आने का आह्वान किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रायपुर स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निकट भी पौधारोपण किया। उत्तराखंड वन विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पहले दिन 500 पौधे रोपे गए। वन विभाग ने इस बार कैंपा योजना (शेष पृष्ठ सात पर)

## पूर्व सीएम ने दी जल सत्याग्रह की चेतावनी

हरिद्वार (उद संवाददाता)।हरिद्वार के लक्सर, रुड़की और आसपास के इलाकों में बाढ़ की वजह से हो रही परेशानी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सरकार और सरकारी तंत्र पर सवाल उठाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार के खिलाफ जल सत्याग्रह की चेतावनी दी है। हरीश रावत ने कहा है कि अगर 5 बजे तक पानी की निकासी नहीं होती तो पानी में बैठकर धरना देंगे। दरअसल, हरीश रावत कल से ही बाढ़ग्रस्त



इलाकों का दौरा कर रहे हैं। हरीश रावत ने कहा है कि रुड़की में करीब कमर-कमर तक पानी भरा हुआ है, लोगों के लिए घरों से निकलना तो असंभव है।लोगों को साफ पानी भी नहीं मिल पा रहा है, दूध-सब्जियां नहीं मिल पा (शेष पृष्ठ सात पर)


गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000


## हेली सेवा के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। केदानाथ धाम दर्शन के लिए हेली सेवा के नाम पर श्रद्धालुओं से साइबर ठगी करने वाले गिरोह का एसटीएफ ने भंडाफोड़ किया है। मामले में गिरोह के सरगना को एसटीएफ ने नवादा बिहार से गिरफ्तार कर लिया। ठग के खिलाफ देश के अलग- अलग थानों में 21 साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। गिरोह के दो सदस्य सन्नी राज निवासी ग्राम मोहब्बतपुर, पोस्ट पन्हेसा, थाना शेखोपुर सराय, जनपद शेखपुरा, बिहार और बाबी रविदास निवासी ग्राम मोहब्बतपुर, पोस्ट पन्हेसा, थाना शेखोपुर सराय, जनपद शेखपुरा, बिहार को एसटीएफ ने कुछ समय पहले



ही गिरफ्तार किया था।पूछताछ में पता चला है कि आरोपित को दिसंबर वर्ष 2021 में कोतवाली जयपुर राजस्थान पुलिस ने जेल भेजा था। ठग फोन पर लड़की बनकर लोगों को ठगता था। बता दें वर्तमान समय में उत्तराखण्ड राज्य में चारधाम यात्रा प्रचलित है, जिस कारण विभिन्न राज्यों से श्रधालुओं द्वारा श्री केदानाथ धाम दर्शन हेतु हैलीकॉप्टर सेवा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन टिकट बुक करवाये जा रहे है। साईबर अपराधियों द्वारा भी साईबर अपराध करने हेतु समय के साथ-साथ धोखाधड़ी करने हेतु नये-नये तरीके अपनायें जाते रहे हैं व चारधाम यात्रा हेतु हैली सेवा ऑनलाईन टिकट (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाढ़ पीड़ितों की मदद को उतरे कप्तान

### एनडीआरएफ के साथ 106 लोगों को किया रेस्क्यू

काशीपुर(उद संवाददाता)। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य में जिले के कप्तान डा. मंजूनाथ टिसी ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। बाढ़ प्रभवित गांव नाले में अचानक आए पानी से अत्यधिक जलभराव होने के कारण लगभग 100 से अधिक लोग अपने अपने घरों में फंस गए ।उन्होंने छत पर जाकर अपनी के सहयोग से लोगों एवं बच्चो उनके घरों से नाव द्वारा सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। बाढ़ग्रस्त इलाकों से कुल 106 लोगों को रेस्क्यू किया गया। इस दौरान एसएसपी





हेमपुर स्माइल तथा हिम्मतपुर में एसएसपी ने एनडीआरएफ टीम के साथ मिलकर 106 लोगों को रेस्क्यू किया। बता दें काशीपुर के हेमपुर स्माइल और हिम्मतपुर में भारी बारिश के कारण बहला नदी एवं जान बचाई। इसकी जानकारी मिलने पर एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने एनडीआरएफ टीम के साथ खुद बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। एनडीआरएफ ने लोगों से अपील करे हुए कहा कि घबराए नही जलस्तर धीरे धीरे कम हो रहा है। उधमसिंहनगर पुलिस, एनडी आरएफ और प्रशासन आपके साथ है। इस दौरान पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

# पिता बना हैवान, साथी के साथ मिलकर नाबालिग पुत्री को बनाया हवस का शिकार

## तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। यहां अरविन्द नगर क्षेत्र में कलयुगी पिता ने 12 वर्षीय बेटी को साथी के




साथ मिलकर कर हवस का शिकार बना लिया। कलयुगी पिता पिछले एक साल से नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म कर रहा था। नाबालिग के 5 माह की गर्भवती होने पर जब राज खुला तो परिजनों के होश उड़ गये। जानकारी के अनुसार आरोपी अरविंद नगर क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति की पत्नी लगभग दो वर्ष पहले घरेलु कारण के चलते पति और दो बच्चों को छोड़कर चली गयी थी, पीड़िता का उसकी दादी ने माँ की तरह पालन पोषण किया। अभिजीत भक्त नशे का आदि है। शुक्रवार को पीड़िता की दादी ने थाना सितारगंज में लिखित तहरीर दी। तहरीर में आरोप लगाया कि उसका पुत्र अपनी ही नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करता था तथा गाँव के एक अन्य व्यक्ति द्वारा भी उसकी पोती के साथ दुष्कर्म किया गया। नाबालिग पोती गर्भवती हो गयी। संदेह होने पर पोती से पूछा तो उसने बताया कि उसके साथ पिता सहित एक अन्य व्यक्ति द्वारा भी गलत काम किया गया। जिस पर थाना सितारगंज ने तीनों आरोपियों के खिलाफ पोस्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए तीनों अभियुक्तों को शक्तिफार्म क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

# दो लाख फलदार व चौड़ीपत्ती वाले पौंधों का रोपण किया जायेगा: डीएम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पौधे लगाना ही नहीं बल्कि उनका संरक्षण व संवर्धन भी जरूरी है तभी निर्धारित उद्देश्यों का प्राप्त किया जा सकता है। यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने 17 जुलाई को हरेला पर्व पर जनपद में शुरू होने वाले वृहद्ध वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में समीक्षा लेते हुए कही। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 17 जुलाई को हरेला पर्व पूर्ण धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हरेला पर्व पर 17 जुलाई से 15 अगस्त तक लगभग दो लाख पौधे रोंपे जायेंगे। उन्होंने कहा कि फलदार व



चौड़ीपत्ती वाले पौंधों का रोपण अधिक से अधिक किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि स्थान का नाम, लगाए गए पौधों की संख्या, फोटो लगाते समय के फोटोग्राफ, पौधारोपण में शामिल जनप्रतिनिधियों के नाम सहित सम्पूर्ण डिटेल उपलब्ध कराने के निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों के लिए निर्देश दिये कि खाली पड़े परिसर में पौधारोपण हेतु वन तथा उद्यान विभाग से समय से पौध की मांग कर ली जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निगम, नगर निकाय, नगर पंचायतों के लिए निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्रों में हरियाली पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा 15वे वित्त से जल संरक्षण एवं संवर्धन के अन्तर्गत वृक्षारोपण भी किया जाये। उन्होंने पंचायतीराज विभाग को विभिन्न क्षेत्रों में खाली पड़ी भूमि पर वृहद्ध स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने तथा अभियान में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने वन तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों को मांग के अनुसार पौध वितरित करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ हिमांशु बागरी, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, पीडी हिमांशु जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# टैंट व्यवसाईयों ने किया कांवड़ियों का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर टैंट व्यापार एसोसिएशन द्वारा हरिद्वार से कावड़ लेकर पहुँचे कावड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। चाँदनी



चौक रामपुर रोड से कुंदन बोहरा के नेतृत्व में 25 सदस्यों के कावड़ियों का दल के बैंकट हाल में पहुँचते ही पूरा माहौल भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। कावड़ियों गत 8 जुलाई को हल्द्वानी से रवाना हुए थे और गत दिवस वापस हल्द्वानी पहुँचे। महानगर टैंट व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष वर्द्धन पांडे के नेतृत्व में व्यापारियों ने कावड़ियों का स्वागत किया। कुछ देर विश्राम के उपरांत भोले भक्तों हेतु भंडारे का आयोजन किया गया। उसके उपरांत सभी कावड़िये अपने गंतव्य को रवाना हुए। स्वागत करने वालों में टैंट एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मण सिंह बिस्ट, विमल तोलिया, भोला दत्त भगत, नवीन बोहरा, प्रताप गोड़, मनोज कपिल, योगेश तिवाड़ी, देवेश भट्ट, राजू भट्ट, चंदन साह, चंदन मेहता, अनिल आर्य, हरिओम गुप्ता, गोपाल भट्ट, भगवती प्रसाद जोशी, जगदीश जोशी, गिरीश हैडिया, मोहन जोशी सहित व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# औचक निरीक्षण में व्यवसायिक उपयोग करते 27 घरेलू सिलेण्डर पकड़े

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खाद्य उपायुक्त एवं जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम ने घरेलू गैस सिलेंडर से छोटे गैस सिलेंडर में गैस की अवैध रिफलिंग करने से आग लगने या किसी बड़ी दुर्घटना होने की मिल रही शिकायत एवं घरेलू सिलेण्डर के दुरुपयोग होने के कारण ट्रांजिट कैंप के अनेक क्षेत्रों में औचक दबिश दी गई। इस दौरान टीम में शामिल पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी, अनुसेवक मुन्नालाल तथा चालक खड़क सिंह ने अलग अलग स्थानों से कुल 27 घरेलू सिलेंडर कब्जे में लिए। जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार तथा पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग रोकने के लिए टीम द्वारा ट्रांजिट कैंप के जिन क्षेत्रों



में औचक निरीक्षण किया गया उनमें राजा कालोनी, कृष्णा कालोनी, तीन पानी डाम, शिवनगर, शिमला बहादुर, आजादनगर, विवेकनगर, फुलसुंगी, फुलसुंगा आदि क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट व ठेली से कुल 27 सिलेण्डर बरामद किए गए। जिनमे 15 भारत, 2 इंडेन तथा 10 एचपी पेट्रोलियम के शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उक्त सभी सिलेंडरों को अग्रिम आदेशों तक सुरक्षा की दृष्टि से बोरा गैस एजेंसी रामपुर रोड के सुपुर्द किया गया है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# डीएम ने लिया जलभराव का जायजा

काशीपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने अधिक बारिश होने के कारण जल भराव होने पर देर रात काशीपुर के ग्राम हेमपुर स्माइल, उचापुल पहुंचकर जल भराव का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियो के निर्देश दिए की क्षेत्र में नजर बनाए रखे ताकि बाढ़ से किसी प्रकार की



जनहानि न हो। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जल भराव से प्रभावित लोगों को सुरक्षित पर रखे। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की यदि कही पर छोटी छोटी पुलिया बनाने की जरूरत है तो उसका स्टीमेट बनाकर शीघ्र कार्य करे। उन्होंने कहा कि जल भराव की स्थिती से निपटने के लिया एनडीआरएफ, एस डी आर एफ की टीम मुस्तैद कर दी गई है। जिलाधिकारी ने जल भराव से प्रभावित लोगो से अपील की है की सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित स्थान पर रहे। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि आपदा के नॉर्म्स के अंतर्गत यदि किसी भी प्रकार की हानि हुई हो तो उसका तत्काल मुआवजा संबंधितों को दिया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एसडीएम अभय प्रताप आदि उपस्थित थे।

# भाजपा नेता विनोद को मातृ शोक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा नगर मंडल के उपाध्यक्ष विनोद जयसवाल की माता 75 वर्षीय श्रीमती राम मूर्ति देवी पत्नी स्वर्गीय छोटे लाल



जायसवाल का आकस्मिक निधन हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ्य थीं। बेस हॉस्पिटल में उपचार के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली। जिनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से प्रारम्भ होकर मुक्तिधाम राजपुरा गई। उनके निवास स्थान मुंगली गार्डन रामपुर रोड पर सांसद एवं केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, मेयर जोगिंदर रौतेला, तरुण बंसल, विनीत अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, मनोज गुप्ता, प्रताप रैकवाल, कन्हैया जयसवाल, अतुल जायसवाल, महेंद्र कश्यप, सुमित जयसवाल, व कई भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया।

# अधिकारी बिना अनुमति नहीं छोड़ेंगे कार्यस्थल

रुद्रपुर। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि आयुक्त कुमाऊ मण्डल नैनीताल दीपक रावत द्वारा मानसून काल में किसी भी आपदा से निपटने के लिए अधिकारियों को मुख्यालय/कार्यस्थल में तैनात रहने के निर्देश दिये गये है। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि कोई भी अधिकारी अपने कार्यस्थल को न छोड़े। उन्होने कहा कि विशेष परिस्थितायों में यदि आवश्यकता हो तो इस सम्बन्ध में अनुमति ली जानी आवश्यक होगी। आयुक्त कुमाऊ मण्डल द्वारा दिये गये आदेश का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

# प्रकाश पूरब पर सजाया धार्मिक दीवान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गुरु हरिकिशन साहिब जी के पावन पूरब के उपलक्ष्य में गुरद्वारा श्री गुरु हरिकिशन साहिब जी, रामपुर रोड में धार्मिक दीवान सजाया गया। रहरास साहिब के पाठ से शाम के दीवान की अरम्भता हुई। उपरान्त हजूरी रागी भाई जतिनदर सिंघ जी ने कीर्तन आरम्भ करा। विशेष तौर पर, गुरुद्वारा



बंगला साहिब से आये प्रचारक भाई योगेन्द्र सिंघ पारस ने सिख इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भाई जसपाल सिंघ, दलजीत सिंघ हल्द्वानी वाले एवं शाहबाद से आये बीबी कवलजीत के जत्थे ने शब्द कीर्तन की हाजरी भरी। उन्होंने तेरा किया मीठा लागे, तओ मैं आया शरनि आया आदि शब्दो का गायन करके संगत को निहाल कर दिया। समूह संगत ने जत्थे के साथ शबदो का गायन करा। अंत में गुरद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार अमरीक सिंह ने आयी संगत का धन्यवाद किया। समूह संगत ने लंगर छका। गुरुद्वारा मैं गुरमत समागम भीआयोजित हुआ। कार्यक्रम में रंजीत सिंह, बलजीत सिंह गुरबचन सिंह, हरविंद्र सिंह, सविंदरपाल, मनप्रीत सिंघ, परमजीत सिंघ, अमन, मनजीत, हरप्रीत सिंह, सतपाल सिंघ, जसपाल सिंघ, भूप्रीत सिंघ, राजु, बिट्टू आदि मौजूद रहे।

# लाखों की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। पुलिस ने 95 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय मार्केट में नौ लाख रुपए बताई जा रही है। एसपी मनोज कत्याल ने खुलासा करते हुए बताया कि ग्राम आजाद नगर के प्राथमिक विद्यालय के पास 2 लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 94.10 ग्राम स्मैक बरामद हुई है जो उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के रहने वाले हैं। पकड़े गये तस्करों में छिंदर सिंह पुत्र हरदेव सिंह निवासी ग्राम टाटरगंज थाना हजारा जनपद पीलीभीत व बाबू सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी टीला बमनपुरी भगीरथ पीलीभीत शामिल है। इनके



कब्जे से क्रमश: 52.80 ग्राम व 41.30 ग्राम स्मैक बरामद की है जिसकी अंतरराष्ट्रीय मार्केट में 9लाख रुपए कीमत बताई जा रही है। आरोपियों ने बताया कि टाटरगंज में कुछ लोगों ने स्मैक का अवैध धंधा कर करोड़ों की कोठियां तथा महंगी गाड़ियां खरीद ली है उन लोगों का रहन-सहन देखकर अधिक पैसा कमाने के लालच में आकर स्मैक का धंधा कर अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचकर उधम सिंह नगर क्षेत्र में स्मैक बेचना बताया है। बरामद स्मैक को दोनों ने सोढी नाम के एक व्यक्ति निवासी मझोला यूपी से खरीदना बताया है इस संबंध में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार चौकी, दरऊ चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल महेश कोली, कांस्टेबल उमेश सिंह थे।

# सचिव डा पंकज पांडेय 18 और 19 को उधम सिंह नगर में

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सचिव लोक निर्माण, औद्योगिक विकास, औवि (खनन), आयुष एवं आयुष विभाग उत्तराखण्ड शासन डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय दो दिवसीय भ्रमण पर आ रहे है। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार डॉ0 पाण्डेय 18 जुलाई, 2023 को नैनीताल से कार द्वारा प्रस्थान कर विकास खण्ड गदरपुर के ग्राम पंचायत बूरानगर में पंचायत भवन के निकट सांय 6 बजे से ग्रामवासियों की समस्याओं की जनसुनवाई हेतु चौपाल का आयोजन किया जायेगा। अगले रोज 19 जुलाई, 2023 को डॉ0 पाण्डेय 10.30 बजे से एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण) एनआरएलएम, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, हर खेत को पानी, पीएम पोषण मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना आदि की व्यापक समीक्षा बैठक करेगें तथा दूरस्थ ग्राम में योजनाओं का सत्यापन/निरीक्षण करेगें। तद्पश्चात डॉ0 पाण्डेय देहरादून के लिये प्रस्थान करेगें।

# केएलए प्रबंधन ने लखनऊ में दिये निर्यात बढ़ाने के टिप्स

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए यूपी सरकार और यूपी में कृषि उद्योग से जुड़े लोग अब रूद्रपुर की चावल निर्यातक कंपनी केएलए इंडिया लिमिटेड से सीख लेकर निर्यात बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। लखनऊ में आयोजित एक गोष्ठी में केएलए के एमडी अरूण अग्रवाल और डायरेक्टर अशोक अग्रवाल को निर्यात बढ़ाने के लिए सुझाव देने के लिए विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। जिसमें उन्होंने कृषि उत्पदों को निर्यात से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देने के साथ ही अपने अनुभव भी साझा किये। लखनऊ के ताज महल होटल में फिनटेक कृषि कंपनी फारमार्ट की ओर से आयोजित विशेष गोष्ठी में उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, मुख्यमंत्री के इकोनॉमिक्स सलाहकार डा. वी. के. राजू , फारमार्ट के वरिष्ठ अधिकारी ,किसान , आढती, फ्लोर मिल के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजमेर सिंह छीना,सचिव विनय शुक्ला, अश्वनी कुमार पीलीभीत ,दाल मिल अध्यक्ष ,उत्तराखंड के स्वास्तिक एग्रो प्रोडक्ट इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर शिवम गोयल एवं कृषि उद्योग से जुड़े तमाम लोग मौजूद रहे। गोष्ठी में किसान ,आढती, राइस मिल, फ्लोर मिल ,दाल मिल को



निर्यात से कैसे कैसे जोड़े के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। गोष्ठी में विशेष वक्ता के रूप में उत्तराखण्ड की सबसे बड़ी चावल निर्यातक कंपनी केएलए इंडिया पब्लिक लिमिटेड के एमडी अरूण अग्रवाल और डायरेक्टर अशोक अग्रवाल ने निर्यात से कृषि उद्योग को कैसे जोड़ा जाए के बारे में विस्तृत रूप अपने सुझाव दिये। केएलए के एमडी अरूण अग्रवाल ने कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही अपने अनुभव भी बताये। उन्होंने बताया कि केएलए कंपनी वर्तमान में 50 से अधिक देशों को निर्यात कर रही है। उन्होंने कहा यह कड़ी मेहनत और सुनियोजित ढंग से काम करने के चलते ही संभव हुआ है। डायरेक्टर अशोक अग्रवाल ने अपने अनुभव के आधार पर बताया कि जैसे उत्तराखंड से बड़े पैमाने पर चावल निर्यात हो रहा है और पंतनगर विश्वविद्यालय के साथ तकनीकी सहयोग करके जिस तरह उत्तराखंड अपना कृषि निर्यात बढ़ा रहा हैं ,उसी तरह उत्तर प्रदेश भी अपना कृषि का निर्यात उच्च गुणवत्ता के चावल, गेहूं, दाल व अन्य जिंसों का निर्यात बढ़ा सकता हैं । उन्होंने कहा कि इसमें सप्लाई ड्राईव इकोनॉमी के बदले डिमांड ड्राईव इकोनॉमी पर कृषि को शिफ्ट करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि फारमार्ट कंपनी, आधुनिक तकनीक जिसको एप टेक्नोलॉजी भी कहते हैं ,उसके द्वारा नेटवर्किंग करके किसान, मिलर को और निर्यातक को एक सूत्र में लाने के लिए एक प्लेटफार्म बना रही है, ताकि सबको पारदर्शी रूप से व्यापर संबंधित जानकारी उपलब्ध हो और हमारा एक ट्रिलियन डॉलर निर्यात का लक्ष्य पूरा हो सके । फारमार्ट के सीनियर अधिकारी नितिन पुरी और शरद कुमार ने कंपनी की कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला और सभी का आभार व्यक्त किया।

# धूमधाम से मनाया हरेला पर्व

हल्द्वानी (उद संवाददाता) इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। खुशी अधिकारी ने हरेले पर अपने विचार और सिद्धी सिजवाली ने भाषण प्रस्तुत किए। स्कूल संगीत ग्रुप द्वारा 'जी रैया जागि रैया' गाना गाया । जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'अपुण उत्तरांचल' पर वर्णिका जोशी द्वारा कविता प्रस्तुत की गई। 4 जुलाई को विद्यालय में हरेला बोने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों की सहभागिता रही। सात अनाजों को मिश्रित करके हरेला बोया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने सभी को हरेले की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में श्रीमती गायत्री बल्यूटिया, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा, श्रीमती प्रियंका शर्मा, सुश्री स्मिता पन्त, सुनीता म्यान, रितिका बोरा, नीरू गोयल, रिचा वर्मा, अंकिता चौधरी, संजय गोस्वामी, मोहित पन्त, गौरव कुमार, मुकेश सागर, आयुषी कनवाल आदि मौजूद रहे। विद्यार्थियों को कार्यक्रम लाइव दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा भूमिका पुरोहित व छात्र मानस पछाई ने किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न रहा।



# महाराजा अग्रसेन युवा समिति की कार्यकारिणी गठित

## विपुल अध्यक्ष, कनव महामंत्री व लव कोषाध्यक्ष बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन युवा समिति की कार्यकारिणी की एक बैठक संपन्न



हुई। जिसमें निवर्तमान कार्यकारिणी के अध्यक्ष सरिल गोयल व महामंत्री शुभम अग्रवाल द्वारा पिछले दो साल के कार्यों का ब्यौरा रखा गया। साथ ही निवर्तमान कोषाध्यक्ष अक्षत्त मित्तल द्वारा दो साल के आय व्यय का ब्यौरा दिया गया।चुनाव अधिकारी के तौर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल पप्पी, महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल द्वारा युवा समिति की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न कराया गया। युवा समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विपुल अग्रवाल को अध्यक्ष, कनव अग्रवाल को महामंत्री और लव मित्तल को कोषाध्यक्ष चुना गया। वक्ताओं ने निवर्तमान कार्यकारिणी के किए गए कार्यों की सराहना की। साथ ही नई कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं दी। बैठक में नीरज प्रभात गर्ग, तरुण बंसल, राजीव अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विनीत अग्रवाल,डॉ. पंकज अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, तपन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य एवं ध्यान विषय पर कार्यशाला का आयोजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वाधान में हर घर ध्यान कार्यक्रम के तहत मानसिक स्वास्थ्य एवं ध्यान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गिरिजा पांडे की अध्यक्षता में किया गया। संस्कृति मंत्रालय के इस विशेष अभियान में प्रतिभागियों को ध्यान करने की विधियां सिखाई गई। इससे पूर्व मनोविज्ञान विभाग की सह-आचार्य विनीता पंत ने प्रतिभागियों को 'हर घर ध्यानश अभियान की जानकारी दी। आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े ट्रेनर भूषण तिवारी ने प्रतिभागियों को ध्यान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ध्यान से मन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगों का उपचार ध्यान से संभव है। इसके निरंतर अभ्यास से मन, बुद्धि, चित्त का विकास होता है। समाज विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरिजा पांडे ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मानसिक



स्वास्थ्य बेहद आवश्यक है। इसके लिए सभी को नियमित रूप से योग एवं ध्यान को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला की सराहना की। कार्यशाला में डॉ. भाग्यश्री जोशी ने कार्यशाला के लिए आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान एवं भूषण तिवारी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान डॉ. सीता, डॉ. एमएम जोशी, डॉ. घनश्याम जोशी, डॉ. नीरजा सिंह, डॉ. शालिनी चौधरी, डॉ. लता जोशी, डॉ. ललित पंत, शुभांकर शुक्ला, आरुषि ध्यानी, राजेंद्र जोशी, जीवन परगाँई आदि मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल चुनाव में आठ नामांकन पत्रों की बिक्री

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रादेशिक चुनाव 2023 में प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री पद हेतू



चुनाव कार्यालय सरस मार्केट में गत दिवस नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। सांय तक प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु नवीन चंद्र वर्मा, माधव प्रसाद सेमवाल एवं मनोज अरोड़ा जी नामांकन प्रपत्र खरीदा एवं प्रदेश महामंत्री पद हेतु प्रकाश चंद मिश्रा, दिनेश डोभाल, हर्षवर्धन पांडे, निर्मल सिंह हंस पाल एवं उपेंद्र असवाल ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। आज दोपहर 3 बजे तक नामांकन प्रपत्र मुख्य चुनाव अधिकारी, चुनाव अधिकारियों एवं चुनाव संचालन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में स्वीकार किए जाएंगे सदोपहर 3:30 से सांय 5:00 तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी एवं 17 जुलाई को प्रात: 10 बजे से शाम 3 बजे तक नाम वापसी के उपरांत पद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रमोद गोयल, चुनाव अधिकारी राजेश अग्रवाल, सुरेश बिष्ट, गुलशन छाबड़ा एवं चुनाव संचालन समिति के रावेल आनंद एवं श्रीमती शांति जीना उपस्थित रही।

# चन्द्रयान 3 की सफल लॉंचिंग पर मिष्ठान वितरित

हल्द्वानी (उद संवाददात)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से चंद्रयान 3 सफलतापूर्वक लॉन्चिंग होने पर संस्था पदाधिकारियों ने हल्द्वानी राजपुरा में मिष्ठान वितरण कर वैज्ञानिकों के सफल प्रयास के लिए इसरो को शुभकामनाएं दी। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से चंद्रयान तीन सफलतापूर्वक लॉन्चिंग से भारत ने अंतरिक्ष यात्रा में एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखकर हर भारतीय के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को ऊपर उठाते हुए ऊंची उड़ान भरी है इस स्वर्णिम अध्याय को लिखने में भगवान के आशीर्वाद से और भारत सरकार के प्रोत्साहन से हमारे वैज्ञानिकों के त्याग तपस्या दृढ़ संकल्प समर्पण शक्ति से भारत देश ने विश्व के पटल पर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत



अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा और बहुत ही जल्द भारत विश्वगुरु बनेगा। इस दौरान मिष्ठान वितरण करने में संस्था संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय, अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू ,उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू, महामंत्री चिरौंजी लाल, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, मार्गदर्शक खेमराज साहू, अशोक कुमार बाल्मीकि, रितिक साहू, जानकी कश्यप, नन्दकिशोर आर्या, मनीष साहू, अमन कुमार, सूरज मिस्त्री, रोहित देव, आर्यन प्रजापति, कमलेश आर्या, जोशना राय, मुकेश कुमार, सुशील राय, प्रभाकर आर्या, रामप्रसाद, वीरू वाल्मीकि, रोहतास प्रजापति, दीपक कुमार, पंकज कुमार, नेत्रपाल, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बेहड़ ने राज्यपाल से पंतनगर विवि के पुर्नद्धार का किया आग्रह

किच्छा( उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल गुरमीत सिंह से देहरादून में उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की। इस दौरान विधायक बेहड़ ने एक प्रस्ताव राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमे उन्होंने पन्तनगर विश्व विद्यालय का पुनरउद्धार कराये जाने का आग्रह किया तथा इस पत्र के माध्यम से विधायक बेहड़ ने राज्यपाल से निवेदन करते हुए कहा कि पन्तनगर विश्व विद्यालय विश्वविख्यात विद्यालय के साथ ही उत्तराखण्ड की एक बड़ी धरोहर भी है। आज पन्तनगर विश्व विद्यालय की स्थिती इतनी खराब हो चुकी है कि जिसको बयान किया जाना भी बड़ा मुश्किल है। चाहे आर्थिक स्थिती हो या फार्म की या फिर वर्तमान वैज्ञानिकों की हो अध्यापक ,प्रोफेसर से लेकर दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों की । विकास के नाम पर भी जर्जर हालत बनी हुयी है शोध संस्थानों की भी स्थिती बहुत दयनीय है पिछले कई वर्षो से विश्वविद्यालय पिछड़ता जा रहा है,



विश्वविद्यालयकी गरिमा कम हो रही है। जिससे अपने राज्य पर भी प्रभाव पड़ रहा है बजट न मिलने के कारण विश्वविद्यालय पर बुरा असर पड़ रहा है। पन्तनगर विश्वविद्यालयका सुधार किया जाना चाहिए ताकि इसकी पहचान पुन: देश विदेशों में बन सके। इसके लिए उच्चस्तरीय वैज्ञानिको की एक समिति विश्वविद्यालय कुलपति की अध्यक्षता में बनायीं जाये उसमें अनुभवी वैज्ञानिकों को शामिल कर एक विश्वविद्यालय स्तर पर तीन दिवसीय सेमिनार आयोजित किया जाए जिससे विश्वविद्यालय की पुन: पहचान बनाने को लेकर गोष्ठी की जाए। आज की परिस्थितियों की और लम्बे समय के लिए एक योजना बनायीं जाए। उसका ब्लू प्रिंट तैयार करके सरकार को सौंपा जाए ताकि सरकार उन सुझावों पर कार्य कर सके । विश्व विद्यालय का पुन: उद्धार हो तथा देश विदेश में इसकी पहचान बन सके। राजपाल गुरमीत सिंह ने बेहड़ के प्रस्ताव को बहुत ही ध्यानपूर्वक पढ़ा तथा विधायक बेहड़ के प्रस्ताव की सरहाना करते हुए कहा कि ये प्रस्ताव बहुत अच्छा है वे स्वंय इस कार्य को करके गोरवान्वित महसूस करेंगे तथा इस प्रस्ताव में जल्द से जल्द कार्यवाही करने का भरोसा जताया।विधायक बेहड़ से किच्छा विधानसभा के विकास को लेकर भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान किच्छा विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ भी उपस्थित रहे।

# आई कैंप में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा मदरसा इशातुल हक में शुभानु नेत्रालय द्वारा निशुल्क आंखों की जांच, मोतियाबिंद का ऑपरेशन, आंखों के चश्मा का आई केयर कैंप उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष दर्जा राज्यमंत्री मजहर नईम नवाब के नेतृत्व में लगाया गया। जिसमे 130 लोगो ने नि:शुल्क परचा बनवाकर इलाज करवाया। जिसमे 20 लोग मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। जिन गरीब को चश्मे की अव्यशकता है उनको मजहर नईम नवाब द्वारा अपने निजी कोष से दिए जायेंगे।आई कैंप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नैनीताल के पूर्व जिला अध्यक्ष महबूब अली , मोहम्मद इलियास, जिला कार्यालय प्रभारी अमन अल्वी,अल्पसंख्यक मोर्चा नगर अध्यक्ष असगर अली, नगर महामंत्री नाजिम सैफी, नगर उपाध्यक्ष सलीम उस्मानी, नगर मंत्री चाँद वारसी समेत कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



समस्त क्षेत्रवासियों को हरेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
हिमांशु गावा
जिलाध्यक्ष-कांग्रेस,उधम सिंह नगर
सी.पी. शर्मा
महानगर अध्यक्ष-कांग्रेस,रुद्रपुर

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ !
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

समस्त क्षेत्रवासियों को हरेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
कैलाश राठौर
पार्षद वार्ड. 7
आजादनगर,रूद्रपुर

समस्त क्षेत्रवासियों हरेला पर्व की की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ समाजसेवी
मै. विजय फिलिंग स्टेशन,लालपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को हरेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर आंशू गुम्बर रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर, स्ट्रारीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000

समस्त क्षेत्रवासियों को हरेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
HYUNDAI
रूद्रपुर में हुण्डई कारों के एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL HYUNDAI
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director
Kichha By Pass Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand
Ph.: 05944-244155, Mob.: 9917262000, 9639300033

# बस का चालान करने पर श्रद्धालुओं ने काटा हंगामा

## विधायक शिव अरोरा ने बीस हजार के चालान की क्षतिपूर्ति देकर श्रद्धालुओं को किया रवाना





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बिहार के सिवान जिले की मुकामा क्षेत्र से बस द्वारा वैष्णोदेवी यात्रा के लिये जा रही बस का किच्छा बाईपास रोड झील के पास आरटीओ द्वारा चालान करने पर हंगामा हो गया। मौके पर श्रद्धालुओं ने जाम लगा दिया। जिसकी सूचना पर विधायक शिव अरोरा ने मौके पर पहुँचे । विधायक ने मामले की पूरी जानकारी ली और तत्काल ही श्रद्धालुओं की बस पर हुए 20 हजार के चालान की क्षतिपूर्ति करवाई। विधायक ने कहा कि यह देवभूमि उत्तराखंड है जिसकी संस्कृति में अतिथि देवो भव के मंत्र को साकार करने की परंपरा का पालन किया जाता रहा है और हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्पष्ट निर्देश हैं देवभूमि उत्तराखंड में आने वाले हर श्रद्धालु की सुख सुविधा और उनको किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इसका पूरा कर्तव्य हमारी सरकार हमारे यहां के जगरूक नागरिकों का है। विधायक ने कहा उनको जैसे ही जानकारी मिली कि इस प्रकार चलान की कार्यवाही हुई है उन्होंने मौके पर ही अधिकारी को फटकार लगाई वही स्प्ष्ट कहा यह देवभूमि श्रद्धालुओं के आदर सम्मान के लिये जानी जाती है इस प्रकार की घटनाएं बिल्कुल बर्दाश्त नही की जायेगी। विधायक ने क्षतिपूर्ति करवाते हुए मामले को शांत करवाया साथ ही श्रद्धालुओं की बस को रुद्रपुर से उनकी मंगलमय यात्री की शुभकामनाएं के साथ रवाना किया। विधायक ने प्रशासन को भी कहा ऐसे मामले हम इस प्रकार कार्य करे कि हमारी देवभूमि उत्तराखंड की प्रेम प्यार वाली छवि सदैव कायम रहे।विधायक शिव अरोरा सदैव ही हिंदुत्व से जुड़े हर कार्य मुद्दे ओर सदैव अग्रणी भूमिका में नजर आते हैं उनके इस प्रकार की कार्यशैली से लगातार वह उत्तराखंड में चर्चा में बने रहते हैं। इस दौरान कोतवाल विक्रम राठौर, थानाध्यक्ष सुन्दरम शर्मा, एसआई के सी आर्य, नीमा बोरा, व भाजपा से मयंक कक्कड़, विकास सागर, सुनील सागर, ईश्वरी राठौर, मनमोहन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रामचंद्र सेवा संस्थान ने लगाए दर्जनों औषधीय पौधे

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।राजकीय मान्यता प्राप्त श्री रामचंद्र सेवा संस्थान ने हरेला पर्व के उपलक्ष्य में दर्जनों औषधीय पौध लगाये। हरेला पर्व से दो दिन पूर्व ही श्रीरामचंद्र सेवा संस्थान के अध्यक्ष राम चंद्र राय ने तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी के साथ साथ खण्ड विकास अधिकारी चिंताराम आर्या और प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह सितारगंज को शुगर नियंत्रण पौध और छायादार वृक्ष नीम के पौध दिए । खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में संयुक्त रूप से चिंताराम आर्या सहायक खंड विकास अधिकारी नीरज जोशी, कुंवर सामंत तो वही तहसील परिसर में तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी,भूलेख अधिकारी शेखर,मुकेश एवम कोतवाली परिसर में भूपेंद्र आर्या के साथ एल आई यू अधिकारी ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया।तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने कहा राम चन्द्र राय के द्वारा विगत कई वर्षों से लगातार इस प्रकार के जन कल्याणकारी कार्य किया जा रहा है,उन्होंने संस्था के उज्वल भविष्य की कामना की।प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह एवम खण्ड विकास अधिकारी ने श्रीरामचंद्र राय को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान समिति के संयोजक श्रीमती रेखा राय ,मनोज डाकुआ सुजीत आदि लोग मौजूद थे।



श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक–30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे–7248133444,8476003072




# पैरा शटलर रवि पाल का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर के युवा पैरा शटलर खिलाड़ी रवि पाल ने युगांडा में आयोजित पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके शहर रुद्रपुर में खुशी का माहौल है। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रांजिट कैंप स्थित नारायण कॉलोनी पहुंचे। जहां रवि पाल के आवास पर पहुंचकर उनकी इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी, और उन्हें सम्मानित किया गया। कांग्रेस नेत्री श्रीमती शर्मा और अन्य सभी प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और फूल मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर के होनहार खिलाड़ी रवि पाल ने युगांडा में आयोजित पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश के लिए गोल्ड मैडल जीतकर देशवासियों को गौरवान्वित किया है। नारायण कॉलोनी ट्रांजिट कैंप में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में रवि पाल को फूल मालाओं से लाद दिया गया, और भारत माता की



जय वंदे मातरम जैसे गगनभेदी नारे लगाए गए स कार्यक्रम में कोच सलमान को भी फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीसीसी परिमल राय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिलीप अधिकारी, अनिल शर्मा, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर सुमित राय, एमवपीव मौर्या, दिनेश मौर्या, अर्जुन विश्वास, चौधरी राजवीर सिंह, अरविंद सक्सेना, प्रीतम पाल, शीला पाल, अर्जुन पाठक, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणों में

## श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में सजा श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार

दिनेशपुर(उद संवाददात)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार, श्रीबालाजी मंदिर, दिनेशपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनोंका भरपूर आनंद लिया। दरबार में सभी भक्तो ने शारीरिक दूरी का पालन किया एवं मास्क का भी पूर्ण प्रयोग किया गया। दरबार काशुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आजशनिवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्यस्वागत किया गया। महंत जी ने मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणो में आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसकेपश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखलामें शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, बिट्टु अरोरा ने इतनी कृपा



बालाजी बनायेरखना, अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार, हरि चरण सिंह ने चरणो का दास बनालो मेरे बजरंगी बाबा, रोहनभटनागर ने दीवाना तेरा आया बाबा तेरे मंदिर में, पवन खेड़ा जरा घूमने तो घाटे चलिये, विपुल कुमार ने करो बेड़ा पार हमारा, सुनीलकुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे, संजीव कुमार ने आज तो कैलाश माही बाज रहे डमरू, महेंद्र बंसल ने ऐ बालाजी घाटे वाले हम सब परउपकार करो, किशन छाबड़ा ने बालाजी मेरे बालाजी मेरे, आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा कापच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवंबाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित दिनेश पाठक, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजयचिलाना, अजय जायसवाल, बिट्टू अरोरा, खरैत कुमार, हरिचरण सिंह, शिव कुमार, लवी अरोरा, धर्मवीर चौधरी, सन्नी नारंग, हरीशकुमार, अमन श्रीवास्तव, राजू सैनी, आयुष अरोरा, राजपाल सिंह, सौरभ अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह, आलोक शर्मा, चंदन सिंह, बबलू रस्तोगी, अंटू रस्तोगी, पवन अरोरा, रामप्रकाश गुप्ता, के पी शर्मा, कुलदीप गुप्ता, पंडित राजेंद्र शर्मा, पप्पू ठेकेदार, कुलदीप गंगवार, गुलशन गगनेजा, अमित अग्रवाल, मनीष अरोड़ा, मोहित कालरा, अभिजीत बाठला, राजुमार वर्मा, बंटी प्रजापति, अनिल कुमार, दीपक घई, मनीष गोयल, विपुल कुमार, शिवम् अरोरा एवं गौरव अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

# गौमुख से गंगाजल लेकर आये कांवरियों का किया भव्य स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्रावण मास में गो मुख से गंगा जल लेकर आये शिव सेवा दल के कांवरियों का विधायक शिव अरोरा ने दक्षिरेश्वर हनुमान मंदिर पहुँचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गो मुख जहां से गंगा का उदगम हुआ वहाँ की यात्रा 500 किलोमीटर से भी अधिक और अत्यंत कठिन मानी जाती है। शिव सेवा दल के सदस्य बड़ी संख्या में हर वर्ष पवित्र गंगा जल लेने जाते हैं निश्चित रूप से महादेव की असीम कृपा से यह कावड़ यात्रा भोले



के भक्तो की सफल हुई। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कावरियों की सेवा करते हुए भंडारे प्रसाद वितरण करवाया। इस दौरान गोमुख से आने वाले भोले भक्त अमित कक्कड़, रंजीत सागर,डम्पी चोपड़ा, राजदीप पाल, नरेश गंगवार, लवकेश कुमार, उमेश सागर, आशीष कोली, मनीष शर्मा, सूरज पाल, सचिन कुमार, रंजीत विष्ट, रमाशंकर, उमेश, गोकुल, जीतू, विपुल शर्मा, देवेश नारंग, संजय जिन्झरिया आदि शामिल थे। स्वागत कर्ता दक्षिणेश्वर श्री हनुमान मन्दिर सेवा समिति अध्यक्ष सुनील यादव, उपाध्यक्ष सोनू यादव,अमित अरोरा,मदन यादव, हरीश यादव, सूरज यादव, विष्णु यादव, मोहित यादव, विशाल यादव, विश्वनाथ यादव आदि लोग मौजूद रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# लड़ाकू विमानों की जरूरत

रक्षा सौदों की खरीद संबंधी सेना के विशेषज्ञों की परिषद ने रफाल को भारतीय सेना के लिए उपयुक्त माना है। प्रधानमंत्री की फ्रांस यात्रा से पहले रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के लिए छब्बीस रफाल लड़ाकू विमान और तीन स्कार्पीन श्रेणी की पनडुब्बियां खरीदने को मंजूरी दे दी है। इस खरीद में करीब नब्बे हजार करोड़ रुपए खर्च का अनुमान है। इससे पहले वायुसेना के लिए छत्तीस रफाल लड़ाकू विमान खरीदे जा चुके हैं। इस तरह भारतीय सेना की सामरिक शक्ति और बढ़ने की उम्मीद जगी है। हालांकि पिछली रफाल खरीद में अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे थे, जिनसे अभी तक सरकार का पीछा छूटा नहीं है। बेशक सर्वोच्च न्यायालय उसमें सरकार को पाक-साफ करार दे चुका है। इसलिए स्वाभाविक ही नए सौदों पर भी लोगों की नजर बनी रहेगी। मगर रक्षा सौदों की खरीद संबंधी सेना के विशेषज्ञों की परिषद ने रफाल को भारतीय सेना के लिए उपयुक्त माना है। इस सौदे की दौड़ में अमेरिकी कंपनी बोइंग का लड़ाकू विमान भी था, पर विशेषज्ञों ने उसे तकनीकी रूप से ठीक नहीं पाया। इनमें से बाईस रफाल नौसेना को मिलेंगे। पिछले चार सालों से आइएनएस विक्रांत पर तैनात करने के लिए नए लड़ाकू विमानों की मांग की जा रही थी। अभी तक रूसी विमान मिग उस पर तैनात हैं, पर वे पुराने हो चले हैं। रफाल की बनावट समुद्री इलाकों को ध्यान में रख कर तैयार की गई है। वे आइएनएस विक्रांत की जरूरतों के हिसाब से मुफीद बैठते हैं। अमेरिका लड़ाकू विमानों की तुलना में इनका प्रदर्शन भी बेहतर माना जा रहा है। इसलिए रफाल का चुनाव किया गया। इसके पक्ष में सेना का एक तर्क यह भी है कि चूंकि वायुसेना पहले ही रफाल के रखरखाव का आधारभूत ढांचा तैयार कर चुका है, इसलिए इनके रखरखाव पर अलग से खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह काफी पैसा बचेगा। आइएनएस विक्रांत की जरूरतों के मुताबिक स्वदेशी लड़ाकू विमान तैयार होने में अभी काफी वक्त लगेगा, इसलिए तत्काल रफाल की खरीद जरूरी थी। दरअसल, वायुसेना में ज्यादातर लड़ाकू विमान अब पुराने हो चुके हैं और उन्हें धीरे-धीरे सेवा से बाहर किया जा रहा है। वायुसेना लंबे समय से नए विमानों के बेड़े की मांग कर रही थी। इसी के मद्देनजर पिछली सरकार के समय ही रफाल की खरीद का निर्णय लिया जा चुका था। अब उनकी खेप आनी शुरू हुई है। अब दुनिया में सामरिक शक्ति का आकलन इससे किया जाता है कि किसी देश की हवाई ताकत कितनी है। भारत की भौगोलिक बनावट कुछ ऐसी है कि यहां थल, जल और वायु तीनों क्षेत्रों में अपनी ताकत मजबूत बनाए रखने की जरूरत पड़ती है। समुद्री क्षेत्र में पिछले कई सालों से पाकिस्तान और चीन से गंभीर चुनौतियां मिलती रही हैं। ऐसे में जब आइएनएस विक्रांत को समुद्र में उतारा गया, तो इन चुनौतियों से पार पाने की ताकत काफी बढ़ गई। अब उस पर अत्याधुनिक साजो-सामान से लैस रफाल विमान तैनात होंगे, तो भारत की सामरिक शक्ति और बढ़ जाएगी। चीन और पाकिस्तान तब आंख दिखाने से पहले कई बार सोचेंगे। अत्याधुनिक साजो-सामान से लैस होने से सेना का मनोबल भी बढ़ता है। चुनौतियों से पार पाने को लेकर उसमें उत्साह बना रहता है। नौसेना को तीन अत्याधुनिक पनडुब्बियां मिलने से निस्संदेह उसका मनोबल बढ़ेगा। मगर जैसा कि प्राय: रक्षा सौदों में अनियमितताओं के आरोप उभर आते हैं, उम्मीद की जाती है कि सरकार इस बार ऐसी स्थिति से बचने का प्रयास करेगी।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। हेल्प ग्रुप की टीम ने समस्त नगर वासियों के सहयोग से बाढ़ पीड़ितों के लिए एक गाड़ी राहत सामग्री पंजाब के लिए रवाना की। पंजाब में आई बाढ़ के पीड़ितों को राहत देने के लिए नानकमत्ता हेल्प ग्रुप की टीम आगे आई है। नानकमत्ता हेल्प ग्रुप की टीम ने बैठक कर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री भेजने का निर्णय लिया। टीम ने शनिवार को बाढ़



प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री किए गाड़ी रवाना की। समाजसेवी गुरनाम सिंह ने कहा है कि आपदा की घड़ी में घरों से बेघर हुए लोगों को परेशानी झेलनी ना पड़े। जरूरत का सामान बाढ़ पीड़ितों को भेजा गया है। निर्णय लिया गया है कि किसी प्रकार की अन्य कोई आवश्यकता आपदा प्रभावित क्षेत्र में पढ़ती है हमारी टीम हमेशा उनके साथ खड़ी है। पंजाब रवाना हुई टीम में गुरनाम सिंह वड़वाल,सतोष सिंह,अमरजीत सिंह ,ग्राम प्रधान खेमपुर जोगेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान सलमता जसपाल सिंह जस्सी,हीरा सिंह ,अनिल शर्मा,लखजीत सिंह, रंजीत सिंह गब्बर,हरजिंदर सिंह, छिन्दर, गुरजीत सिंह, परमजीत सिंह आदि शामिल हैं।

# आंख के पर्दों का नि:शुल्क जांच कैंम्प आयोजित किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिविल लाईन स्थित प्रभु नेत्रालय में आज जनहित में आंखों के पर्दे का नि:शुल्क जांच कैंम्प आयोजित किया गया। जिसमें नगर एवं दूरदराज क्षेत्रों से आये सैंकड़ों लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। हॉस्पीटल के प्रबन्ध निदेशक मनीष पाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालय द्वारा जनहित में पूर्व में कई बार नगर एवं निकटवर्ती शहरों में नि:शुल्क नेत्र शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें अभी तक हजारों लोगों के नेत्रों की नि:शुल्क जांच की



जा चुकी हैं। हॉस्पीटल के प्रबंधक नफीस अहमद ने बताया कि मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयनित रोगियों का आयुष्मान कार्ड के माध्यम से नि:शुल्क आपरेशन, दवाई व चश्मा उपलब्ध कराया जाता है। वहीं चिकित्सालय की ओर से मरीजों को घर से लाने व पहुंचाने की व्यवस्था की जाती है । इतना ही नहीं उनके भोजन का प्रबंध भी किया जाता है। कैंम्प को सफल बनाने में चिकित्सालय के डा. अंकित गुप्ता, प्रबंधक नफीस अहमद, प्रतीक सुखीजा, ख्याति, इलिया, फरहीन खान, सोनू बिष्ट, रेनू बिष्ट, रिपन सरकार, विजय बिष्ट, अख्तर अली व खुशी खेड़ा आदि ने सहयोग किया।

# अवैध लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली जब्त

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के गोकुल नगर खुरपिया में पीपल का वृक्ष काटने का मामला सामने आने पर वन विभाग के इंस्पैक्टर एस बी अधिकारी ने दल बल के साथ कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को काटी हुई लकड़ी के साथ कब्जे में लेकर लकड़ी तस्करों के विरुद्ध कानूनी कारवाई की है। एस बी अधिकारी ने बताया कि पिछले काफी समय से वन विभाग के गोकुलनगर व खुरपिया



में स्थित भूमि से पेड़ काटे जाने की सूचना मिल रही थी। मुखबिर ने सूचना दी की लकड़ी तस्करों द्वारा पीपल का पेड़ काट कर ले जाया जा रहा है जिसपर टीम के साथ मिलकर कारवाही की गई तथा लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को घेर कर रोक लिया गया तथा चालक को पकड़ लिया जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। बताया जा रहा है कि मुख्य मुजरिम पुलिस के हाथ नही आ सका है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमे की कार्यवाही नहीं की गई थी।

# पुलिस ने लावारिस मिली बच्ची को परिजनों से मिलाया

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लावारिस मिली एक बच्ची को उसके मां बाप से मिला दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार जमा मस्जिद किच्छा की रहने वाली निमरा घर से निकल कर बस स्टैंड तक पहुंच गई जहां पर कुछ लोगों ने उसे अकेला देख कर किच्छा कोतवाली में पुलिस के हवाले कर दिया। बच्ची भीड़ की वजह से डर गई थी जिस वजह से कुछ भी नही बता पा रही



थी।इस पर पुलिस ने शहर के तमाम सीसी कैमरे चैक किए तो बच्ची को लोकेशन सामने आ गई। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने बच्ची के परिवार से संपर्क साधा और परिवार को भी खोज निकाला और बच्ची के पिता वसीम के हवाले कर दिया । निमारा के पिता ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मित्र पुलिस ने उनकी पुत्री को समय रहते करवाही न की होती तो कुछ भी हो सकता था।इस कार्य के लिए देवराज, सिपाही ब्रिज मोहन, रेखा, एस आई राजेंद्र पंत का आभार प्रकट किया है।

# सैकड़ों भक्तो ने तारक नाथ धाम में किया जलाभिषेक

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सुरेंद्र नगर स्थित आस्था का प्रतीक पौराणिक बाबा तारक नाथ में शनिवार शाम हरिद्वार से गंगा जल भरकर कांवड़िए पहुचे। शिव धाम पहुँचने पर तारक नाथ पूजा कमेटी ने कांवड़ियों का स्वागत किया और प्रसाद वितरित किया। सावन माह शिव भक्तो के लिए विशेष माना जाता है।शिव भक्तो में सावन माह में शिव भक्ति में अटूट आस्था देखने



को मिलता है। इस महीने क्षेत्र के सैकड़ों शिव भक्त हरिद्वार और गोमुख से गंगा जल भरकर पैदल यात्रा कर शिवालयों पर जलाभिषेक करते है। प्रात: से ही सुरेंद्र नगर के तारक नाथ धाम में कावड़ियों सहित अन्य शिव भक्तो का ताँता लग गया।सैकड़ों श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक किया। क्षेत्र के रमन जायसवाल ने गोमुख से जल भरकर तारक नाथ धाम में पहुँचे,और जलाभिषेक किया। हरिद्वार से गंगा जल भरकर कांवर लाने वालो में राजीव गुप्ता, महंत हरेन मण्डल,संगीता मण्डल,मोनू गर्ग,अरविंद सिंह,गौरव भारद्वाज,अभिजीत मण्डल,आकाश पासवान राहुल पासवान,सागर बाल्मीकि,कुंदन, अंकित,कार्तिक, मानव, सूरज,अमृत, रंजीत,राजीव, कमल, जग्गू, केना, सागर,शिवा, सुमंगल,दीपू आदि शामिल थे। विशाल भंडारे का भी आयोजन शिव भक्तो द्वारा किया गया।

# गिन्नीखेड़ा में दुकान की आड़ में जमकर बिक रही है कच्ची शराब

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम गिन्नीखेड़ा में साहब सिंह नामक एक शख्स पुलिस की समूची कानून व्यवस्था को धता बताते हुए वर्षों से अवैध कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त है। पूर्व में कई बार इसके खिलाफ



आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमे भी दर्ज हुए लेकिन सूत्रों का कहना है कि आज भी यह शख्स भारी मात्रा में प्रतिदिन कच्ची शराब की खपत कर रहा है। जानकारी के मुताबिक ग्राम गिन्नीखेड़ा निवासी साहब सिंह नामक व्यक्ति पिछले कई वर्षो से अवैध कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त बताया जा रहा है। बताते है कि कच्ची शराब की कसीदगी करने वाली बड़े कारोबारियों से उसके तार जुड़े हैं। अपने घर में दुकान की आड़ में पिछले कई वर्षो से वह भारी तादाद में कच्ची शराब की खपत करता बताया जा रहा है। अवैध कच्ची शराब के इस गैरकानूनी अड्डे से महज 100 मीटर की दूरी पर गणपति अपार्टमेंट स्थित है जिसमें दर्जनों की तादाद में संभ्रांत परिवार बसर करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब कारोबारी की बेजा हरकतों के कारण पिछले काफी समय से वह परेशान है। शराब कारोबारी सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक दुकान की आड़ में कच्ची शराब बेचता बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गैरकानूनी कारोबार की वजह से अपराधिक वारदातों में इजाफा हो रहा है तो वहीं आए दिन झगड़ा फसाद गाली-गलौज की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कच्ची शराब के बड़े कारोबारी जहरीली शराब की भारी खेप लेकर प्रतिदिन सुबह-शाम उक्त व्यक्ति की दुकान पर आया करते हैं।

# सेमीफाईनल मैच का ठुकराल ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।शहीद भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा स्थल पर शहीद भगत सिंह क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में पहले सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ नागेंद्र शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि संजय ठुकराल द्वारा किया गया। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आरएस इलेवन एवं रुद्रपुर इलेवन के मध्य सेमीफाइनल



मुकाबला खेला गया जिसमें रुद्रपुर इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया जिसमें रुद्रपुर इलेवन की टीम ने 10 विकेट पर 63 रन 9 ओवर में बनाएं और आरएस इलेवन के सामने 64 रन का लक्ष्य रखा। रुद्रपुर इलेवन की ओर से कैप्टन सुमित, राजा, जीतू ,प्रशांत, पंवार, एवं आरएस इलेवन की टीम में कैप्टन रजब, साजिद,विशाल, राहिद,राजा ठाकुर, योगेश पांडे, पवन सिंह बिष्ट, गौरव मेहता, रोहित पाठक, मनोज बिष्ट आदि शामिल थे। इस अवसर पर कुमाऊं विश्वविद्यालय महा संघ सचिव हिमांशु सिंह ,वसीम त्यागी आदि लोग भी मौजूद रहे।

# अलग अलग स्थानों से बैंक कर्मी समेत तीन की बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में अलग अलग स्थानों से अज्ञात वाहन चोरों ने दो मोटर साईकिल चोरी कर लीं। वहीं विशाल मेगा मार्ट के सामने से भी बाईक चोरी कर ली गई। तीनों घटनाओं की रपट दर्ज करा दी गई है। आवास विकास स्थित एक बैंक के कर्मी की बैंक के आगे खड़ी मोटर साईकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। गोल्ज्यू विहार कालोनी, किच्छा निवासी अनिल कुमार पुत्र बुद्धसैन ने कहा है कि वह आवास विकास क्षेत्र में एचडीएफसी बैंक शाखा में कार्यरत है। उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 बीवाई 3604 को गत 12 जुलाई को बैंक के आगे लॉक लगाकर खड़ी की थी। सायंकाल जब वह बैंक का काम समाप्त कर बाहर आया तो उसकी मोटर साईकिल वहां पर मौजूद नहीं थीं । काफी खोजबीन के बाद भी मोटर साईकिल का कहीं कोई पता नहीं चला। वहीं कमलेश पुत्र रामहर्ष हाल निवासी वार्ड 2 ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी समसाबाद थाना रानीपुर जिला मऊ उप्र ने कहा है कि 10 जुलाई को रात्रि दस बजे वह सामान लेने के लिये अटरिया ढाल स्थित होटल पर अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीसी 4914 से गया था। उसने अपनी मोटर साईकिल होटल के सामने लॉक लगाकर पार्क कर दी थी। कुछ देर बाद जब वह होटल से बाहर आया तो उसकी मोटर साईकिल वहां नहीं थी। वहीं 15 जून को विशाल मेगा मार्ट के सामने से सतवीर सिंह पुत्र सुखवंत सिंह निवासी जयनगर नम्बर 4 दिनेशपुर की मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 क्यू 0660 जो उसके जीजा साहब सिंह के नाम दर्ज है चोरी कर ली गई। पुलिस ने तीनों घटनाओं की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गौशाला निर्माण के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम तुषार सैनी को ज्ञापन सौंपकर गौशाला निर्माण की मांग की। उमेश अग्रवाल ने एसडीएम को दिये ज्ञापन में बताया कि नानकमत्ता में गाय और बछड़े आवारा घूम रहे हैं जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। आवारा पशु किसानों की फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। आवारा पशुओं से टकराने से बाइक चालकों की मौत भी हो चुकी है। पूर्व में भी भाजपा के विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नानकमत्ता विधानसभा में गौशाला की मांग कर चुके हैं। प्रतिनिधि मंडल ने नानकमत्ता भूमि उपलब्ध कराने गौशाला के निर्माण की मांग की है।

# लोकसभा चुनाव में पांचों सीटें जीतेगी कांग्रेस: उमाशंकर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी एलडीएम डा. उमाशंकर ने पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के कैम्प कार्यालय में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें सीधे अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा यह जिम्मेदारी दी गयी है कि वे अपने लोकसभा क्षेत्र में जाकर जिला,ब्लाक एवं बूथ स्तर पर कांग्रेस के लिए समर्पित कार्यकर्ता को खोजें एवं उन्हें संगठन में जिम्मेदारी देउन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि बूथ स्तर पर कम से कम तीस नये कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाए जिससे कि कांग्रेस संगठन बूथ स्तर पर मजबूत हो सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वे लगातार इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस की जीत के लिए प्रत्येक जिले में जाकर कांग्रेस के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को खोजने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर अपना परचम लहराएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा की इस सरकार में महंगाई ने मध्यमवर्गीय एवं गरीब वर्ग की स्थिति बेहद दयनीय हो गयी है।उनके सामने अपने परिवार का भरण पोषण करना तक मुश्किल हो रहा है।आज पेट्रोल डीजल के अलावा दैनिक उपभोग की सभी वस्तुओं की कीमत आसमान पर पहुंच गयी है। टमाटर,अदरक,सब्जियां मध्यमवर्गीय की पहुंच से बाहर हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि अब भाजपा सरकार से जनता का मोह भंगा हो चुका है।इसके साथ ही उन्होंने बिट्टू कर्नाटक की सराहना करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की संस्तुति पर उन्हें वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष का पद सौंपा गया था उस पर वे लगातार खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कर्नाटक के द्वारा युवाओं को विगत पांच सालों से नशे से दूर रखने के लिए चलाई जा रही मुहिम को स्वागत योग्य बताते हुए कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए उन्हें खेलों से जोड़ते हुए जो लगातार स्वप्रयासों से क्रिकेट किट फुटबाल किट और वालीबाल किट बांट रहे हैं वह अपने आप में बहुत बड़ी पहल है। इसके साथ ही श्री कर्नाटक ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि वे लोकसभा चुनाव से पहले पूरी विधानसभा का भ्रमण कर प्रत्येक व्यक्ति से जनसम्पर्क करेंगे। प्रेसवार्ता में जिला भेषज सरकारी संघ टिहरी के अध्यक्ष हर्षपाल मिश्रा,वरिष्ठ कांग्रेसी देवेन्द्र प्रसाद कर्नाटक, राजीव कर्नाटक,दीपांशु पाण्डे,रोहित शैली, दीपक पोखरिया, उमेश रैक्वाल, भूपेन्द्र सिंह,अमर बोरा,गौरवकाण्डपाल,गौरव अवस्थी , श्रीमती जया टम्टा,प्रकाश मेहता, सुन्दर सिंह,आदि उपस्थित रहे।




# बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता शुभम महरा को किया सम्मानित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के द्वारा आज अपने कैम्प कार्यालय में 13वीं साउथ एशियन बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता शुभम महरा का स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया। विदित हो कि अल्मोड़ा निवासी शुभम महरा ने टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करते हुए मालदीव में हो रही साउथ एशिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीत कर अल्मोड़ा नगर का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने उनको सम्मानित किया। पूर्व दर्जामंत्री ने कहा कि शुभम ने पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है और अल्मोड़ा का नाम ऊंचा हुआ है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि नशे से दूर रहें और खेलों की ओर बढें तथा स्वस्थ रहेंशुभम महरा ने पदक जीतकर उदाहरण पेश किया हैशुभम मेहरा ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़कर खेलों में हाथ आजमाना चाहिएयुवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ना चाहिए। बॉडीबिल्डिंग के बारे में उन्होंने कहा कि यह एक लंबा सफर है जिसमें वक्त लगता है दवाई, सप्लीमेंट से बॉडी नहीं बनती उसके लिए आपका आहार अच्छा होना चाहिए और काफी मेहनत करनी पड़ती है। गौरतलब हे कि पूर्वी पोखरखाली अल्मोड़ा निवासी शुभम महरा ने दो बार मिस्टर अल्मोड़ा, दो बार मिस्टर कुमाऊं यूनिवर्सिटीएक बार मिस्टर यूपी रहे चुके हैं और नॉर्थ जोन चैम्पियनशिप में ब्रांज मेडल जीत चुके हैं। इसके अतिरिक्त शुभम ने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है और एशियन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर, पदक जीतकर उन्होंने फतेह हासिल की।शुभम मेहरा स्थानीय रघुनाथ सिटी माल में प्योर फिटनेस स्टूडियो नाम से जिम का संचालन भी करते हैं। इस अवसर पर डॉ उमाशंकर, हर्षपाल मिश्रा,राजीव कर्नाटक,देवेन्द्र कर्नाटक, दीपांशु पाण्डे, रोहित शैली, दीपक पोखरिया, उमेश रैक्वाल,भूपेन्द्र सिंह,अमर बोरा, गौरव काण्डपाल,गौरव अवस्थी, श्रीमती जया टम्टा, प्रकाश मेहता, सुन्दर सिंह आदि उपस्थित रहे।




# प्राधिकरण की सख्ती बेअसर
# सील मकान में भी निर्माण कार्य जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बिना अनुमति कराये जा रहे निर्माण कार्य को प्राधिकरण द्वारा सील करने के बावजूद भवन स्वामी द्वारा मौके पर निर्माण कार्य जारी है। जिससे प्राधिकरण की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। माना जा रहा है कि प्राधिकरण कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर रहा है। बता दें क रुद्रा होटल से आगे वैशाली कॉलोनी के पास वाली गली में जयचंद जैन द्वारा बिना नक्शा पास कराए दुकानों का अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसकी शिकायत पर विगत दिनों विधिक प्राधिकरण ने संज्ञान लेते हुए वहां नोटिस चस्पा कर दिया था और निर्माण कार्य को तुरंत रोकने के आदेश दिए थे। बावजूद इसके निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी रहा। जिसके बाद प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता आर जोशी व अभियंता एस रावत के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन कार्य स्थल को सील कर दिया था। निर्माण कार्य को सील करने के बावजूद मौके पर निर्माण कार्य जारी है। प्राधिकरण द्वारा निर्माण कार्य को सील करने के बाद भी भवन स्वामी ने अवैध रूप से दुकानों पर लेंटर भी डाल दिया अब लगभग 15 दिन के बाद लेंटर खोला जाने लगा है। लेकिन प्राधिकरण बेखबर है। प्राधिकरण की भूमिका पर भी अब सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्राधिकरण कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर रहा है। जिसके चलते अवैध निर्माण करने वालों के हौंसले बुलंद हैं।



# मातृ शक्ति ने विकास शर्मा को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने रूद्रपुर विधानसभा के पिपलिया नंबर 1 ग्राम सभा में पहुंचकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। मातृ शक्ति ने महिला सशक्तिकरण के लिए अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत ढाई एकड़ का तालाब महिला समूह को मिलने पर विकास शर्मा का स्वागत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने भाजपा प्रदेश मंत्री को तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री ने केंद्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा कि केंद्र मे मोदी ओर प्रदेश मे धामी सरकार होने से प्रदेश का भरपूर विकास हुआ है। सरकार ने गरीबों को रहने के लिए आवास दिये है।जरूरतमंदों को पेंशन, राशन कार्ड,ओर तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर सरकार ने बहुत काम किया है। अपराधियों ओर माफियाओं को सरकार ने जेल मे डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखण्ड लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज महिलाएं आत्म निर्भर होकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं से आम आदमी का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के दम पर भाजपा आगामी 2024 में पुन: केन्द्र में सरकार बनायेगी। उन्होंने महिलाओं से भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आहवान किया। इस दौरान शांति बाला, मीरा विश्वास, ज्योति विश्वास, कनिका बाला, कल्पना मंडल, कुसुम, सोमू, शेफाली पोद्दार, कनिका विश्वास, दिव्या, कौशल्या विश्वास, सीमा विश्वास, शीला हालदार, कविता बाला, दीपाली विश्वास, रेखा विश्वास, प्रेम बाला,दुलाल मल्लिक, प्रेम बाला आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।



## पेज एक का शेष...

**हेली सेवा के नाम पर...**बुकिंग के नाम पर भी देश के विभिन्न राज्यों से हैली सेवा टिकट ऑनलाईन बुक करवाने वालों के साथ भी साईबर ठगी की जा रही है। मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के निर्देशो के क्रम में प्रदेश के निवासियों को साइबर अपराधियों द्वारा जनता से ठगी करने वालो पर सख्त कार्यवाही कर पुलिस महानिदेशक द्वारा एसटीएफ व साइबर पुलिस को प्रभावी कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये थे। शिकायतों की प्रारंभिक जांच सब इंस्पेक्टर आशीष गुसाईं द्वारा की गई उन्होंने हेली धोखाधड़ी की सभी शिकायतें एकत्र कीं। सब इंस्पेक्टर आशीष ने पूरे भारत में सैकड़ों लोगों को बचाने के लिए 41 वेबसाइटें भी ब्लॉक करवा दीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल के निर्देशन में अभियोग का सफल निस्तारण हेतु पुलिस टीम गठित की गई जिस पर पुलिस टीम हैली सेवा के नाम पर देश भर में धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों सन्नी राज पुत्र उमेश दास निवासी ग्राम मोहब्बतपुर, पोस्ट पन्हेसा, थाना शेखोपुर सराय, जनपद शेखपुरा, बिहार,बॉबी रविदास पुत्र उमेश दास निवासी ग्राम मोहब्बतपुर, पोस्ट पन्हेसा, थाना शेखोपुर सराय, जनपद शेखपुरा, बिहार को गैर राज्य बिहार के जिला शेखपुरा से गिरफ्तार किया था। गिरोह के मुख्य सरगना नीरज कुमार पुत्र अवधेश प्रसाद निवासी ग्राम पोक्सी, पो0आ0 केसोरी, थाना पकरीबरवां, जनपद नवादा, बिहार की तलाश की जा रही थी। उसे भी पुलिस टीम ने बिहार के जनपद नवादा से गिरफ्तार कर लिया है। सरगना द्वारा विभिन्न फर्जी वेबसाईट्स बनाकर, मोबाईल नम्बरों, मोबाईल हैण्डसैटों व बैंक खातों का प्रयोग कर स्वयं को पवनहंस हैली सर्विस का कर्मचारी दर्शाकर, पीड़ितों के व्हट्सएप पर सम्पर्क स्थापित कर कई लोगों से धोखाधड़ी की गयी थी।

**हरेला प्रकृति के संरक्षण....**के तहत प्रदेश में करी ब 15 हेक्टेयर वन भूमि पर 1.29 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है। इसमें अधिक से अधिक संख्या में फलदार पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान वन विभाग के प्रत्येक सेक्शन (वन बीट) में तीन से पांच हेक्टेयर वन भूमि पर एक-एक हरेला वन विकसित किया जाएगा। इसके अलावा आजादी के 75वें वर्ष में 15 सौ गांवों में 75-75 पौधे रोपे जाएंगे। प्रत्येक सेक्शन में दो से ढाई हजार पौधे लगाए जाएंगे। यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा।

**पूर्व सीएम ने ...**रही हैं। रावत ने चेतावनी दी है कि यदि आज पांच बजे तक यह पानी नहीं उतरता है तो वे प्रशासन के खिलाफ जल सत्याग्रह पर बैठ जाएंगे। उन्होनें कहा कि मजबूरी है कि मैं पानी में बैठूं। डूबने लायक तो नहीं है लेकिन फिर भी मैं पानी में बैठूंगा। मैं किसी को नीचा नहीं दिखाना चाहता, लेकिन जिस तरीके की एक संपूर्ण लापरवाही यहां पानी निकासी के विषय में हो रही है, वो यहां के लोगों का उपहास है और मैं, इस क्षेत्र में आया हूं तो मेरा दायित्व है कि मैं इसकी गंभीरता को सब लोगों के सामने रखूं।

**बाढ़ पीड़ितों की...**अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी काशीपुर, उप जिला मजिस्ट्रेट काशीपुर, प्रभारी निरीक्षक थाना आईटीआई तथा पुलिस के उप निरीक्षक सहित पुलिस के कई जवान भी रेस्क्यू अभियान में शामिल रहे।

# हरेला पर्व के उपलक्ष्य में शुरू हुआ पौधारोपण अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शैल सांस्कृतिक परिषद,अपनी धरोहर संस्था व जिला विधिक सेवा प्रधिकरण उधमसिंह नगर के तत्वाधान में हरेला पर्व के उपलक्ष्य में नन्द विहार कालोनी में पौधारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। पौधारोपण अभियान एक सप्ताह तक अलग-अलग क्षेत्रों में चलाया जायेगा। अभियान की शुरूआत के मौके पर मुख्य अतिथि जिला जज प्रेम सिंह खिमाल,विधायक शिव अरोरा ,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, मेयर रामपाल ,अतिरीक्त द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश सादाब बानो ,तृतीय अपर जिला जज मीना देउपा , मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुहम्मद युसूफ एवं सचिन कुमार पाठक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर वक्ताओं हरेला पर्व की महत्ता को समझाते हुए पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण के लिए भी कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सभा का संचालन संजीव बुधौरी द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में शैल संस्कृतिक परिषद के सचिव व जिला बार एसोसिएसन के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पाण्डे, गोपाल सिह पटवाल, दिनेश बम,राजेन्द्र बोरा , महेश काण्डपाल,दया किशन दनाई , सजीव बुधौरी ,हरीश मिश्रा,नन्द विहार सोसाइटी के अध्यक्ष महेन्द्र छावड़ा, सचिव राजेश सिह, पूर्व तहसीलदार वाजिद अली, पारस नाथ दुवे,अशोक छावड़ा ,सिद्धार्थ श्रीवास्तव , विरेन्द्र सिह कण्डारी, विष्णु कुमार मण्डल, मनोज जोशी, मनीष मिश्रा, विकास शर्मा , दिगविजय सिंह,अरविन्द्र सिंह, मनोज पाण्डे,रजनीश पाठक आदि भी मौजूद थे।



# राईस मिल से मशीनरी पार्ट्स चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने किच्छा मार्ग स्थित राईस मिल केएलए इण्डिया प .लि. से मशीनरी पार्ट्स चोरी कर लिए। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रकाश चौरसिया केएलए इण्डिया पब्लिक लि. ने कहा है कि केएलए इण्डिया पब्लिक लि. किच्छा रोड पर है। कम्पनी में 13 जुलाई को रात में अज्ञात चोरों द्वारा मशीनरी इक्यूपमेंट चोरी कर लिया गया। जिसमें लैब पॉलिशर, यूपीएस, कन्वेयर सेफ्टी गार्ड, लैब बरनियर, चावल एक बैग व लैब कैट मशीन शामिल हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# अवैध शराब सहित तस्कर दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में कुंडेश्वरी पुलिस ने 44 पाउच अवैध कच्ची शराब समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने रमपुरा सरकारी स्कूल के पास से उपरोक्त गांव निवासी अमरीक सिंह उर्फ विक्की पुत्र बलवीर सिंह को शक के आधार पर दबोच लिया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 44 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।

# युवक से मोबाईल झपट हुआ फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं किच्छा बाईपास मार्ग पर मोबाईल से बात करते जा रहे युवक के हाथ से अज्ञात व्यक्ति मोबाईल झपट कर फरार हो गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई हैं । दर्ज रपट में राजाराम राय पुत्र स्व. रामहित राय निवासी वार्ड 19, खेडा ने कहा है कि 15 जुलाई को सांय वह साई मन्दिर खेड़ा के सामने अपने मोबाईल से बात रहा था। तभी एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके पीछे से आकर झपट्टा मारकर उसका मोबाईल छीन ले गया। उसका काफी दूरी तक पीछा किया परन्तु हाथ नहीं आया। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर मोबाईल स्नेचर की तलाश शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000